# घुनघुटी वन परिक्षेत्र के गांवों में जंगली हाथियों का आतंक

## दहशत में ग्रामीण, कई घर और फसलें बर्बाद

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के घुनघुटी वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक चौथे दिन भी जारी है। अनूपपुर जिले की सीमा से आए इन हाथियों ने गांवों में कहर बरपा रखा है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। हाथियों का दल दिन में जंगल में छिपा रहता है और रात के अंधेरे में गांवों का रुख करता है, जिससे लोग रातभर सो नहीं पा रहे हैं और लगातार चौकसी बनाए हुए हैं।

### मकान और बाड़ी को किया नुकसान

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालाचुआ ग्राम के जमुनिहा टोला में जंगली हाथियों ने दो ग्रामीणों के घरों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित भैयालाल गौण और रामप्रसाद गौण के कच्चे मकानों की दीवारें हाथियों ने ढहा दीं। मकान के भीतर रखा सारा सामान इधर-उधर बिखर गया, जिससे परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा



ग्राम हथपुरा में लक्ष्मण सिंह और कल्याण सिंह की बाड़ी में लगे केले के पौधे और फल पूरी तरह नष्ट कर दिए गए। हाथियों ने बाड़ और बाड़ी की अन्य संरचनाओं को भी तोड़ डाला, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाएं हर साल हो रही हैं लेकिन इस बार लगातार चार दिनों तक हाथियों की मौजूदगी ने भय का वातावरण बना दिया है।

### ग्रामीणों में रोष और चिंता

लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में रोष और चिंता दोनों बढ़ते जा रहे हैं। कई ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों को सुरक्षित रूप से जंगलों की ओर वापस भेजा जाए और प्रभावितों को मुआवजा दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जानवरों की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन इंसानों की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। कई ग्रामीण रातभर जागकर खेत और घर की रखवाली कर रहे हैं, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

### वन विभाग की टीम सतर्क

वन विभाग की टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद है और लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। विभाग का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीणों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अब तक किसी तरह की मानवीय क्षति की सूचना नहीं मिली है, लेकिन हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं।

घुनघुटी वन परिक्षेत्र के रेंजर अर्जुन बाजबा ने बताया कि ये हाथी अनूपपुर जिले के अहिरगवा रेंज से लगभग चार दिन पहले हमारे क्षेत्र में प्रवेश किए हैं। दिन में ये जंगलों में ही रहते हैं, लेकिन रात को गांवों की तरफ निकल जाते हैं। विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई हादसा न हो।

### प्रशासन से राहत की उम्मीद

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत व पुनर्वास की मांग की है। कच्चे मकान ढहने और फसलों के नष्ट होने से जिन परिवारों का जीवन प्रभावित हुआ है, वे अब सरकारी सहायता की ओर देख रहे हैं। यदि समय रहते कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो यह संकट और गंभीर रूप ले सकता है।लोगों ने बताया कि जंगली हाथियों का यह आतंक केवल संपत्ति का नुकसान नहीं बल्कि मानसिक भय का कारण भी बनता जा रहा है। वन विभाग की सक्रियता के बावजूद ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# नौ वर्षों में नहीं बन पाई 73 किमी सड़क

## गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए : तिवारी

**शहडोल, देशबन्धु।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश तिवारी ने शहडोल-उमरिया सड़क 9 वर्षों में 73 किलोमीटर भी न बन पाने को आश्चर्यजनक करार देते हुए कहा है, कि यह देश के लिए आश्चर्य की बात है, कि सड़क निर्माण का आधुनिक साधन होने के बावजूद 9 वर्षों में भी शहडोल-उमरिया सड़क नहीं बन पाई।



कैलाश तिवारी ने कहा है कि यह रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने योग्य है तथा संभाग वासियों को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। हो सकता है कि इस कारण से यह सड़क दो-तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जाए। इस सड़क की विशेष बात यह भी है, कि जितनी सड़क बन रही है, उससे ज्यादा खराब भी हो रही है जगह-जगह उखड़ रही है। इस निर्माण के लिए जहां एक ओर ठेकेदार तो दोषी है ही, दूसरी ओर सरकारी विभाग के निरीक्षण कर्ता इंजीनियर भी कम दोषी नहीं हैं।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री तिवारी ने यह भी कहा कि दोनों की साठ-गांठ सिद्ध करती है कि अगर लेन देन का साथ हो तो कहीं भी मनमानी की जा सकती है, यह इसका ज्वलंत उदाहरण है। संभाग में पदस्थ अधिकारी इस मामले को इस तरह देखते हैं कि मानों यह किसी दूसरे देश का मामला हो।

## सार-समाचार

### श्रमिक यूनियन को कार्यालय मिलने का रास्ता हुआ साफ

**शहडोल, देशबन्धु।** साउथ ईस्ट सेंटर रेलवे श्रमिक यूनियन को भी कार्यालय मिलेगा। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं साउथ ईस्ट सेंटर रेलवे श्रमिक यूनियन के महामंत्री मनोज बेहरा ने ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बिलासपुर जोन में रेलवे की मान्यता प्राप्त करने के चुनाव 5 व 6 दिसंबर को संपन्न हुए थे, जिसमें मान्यता के लिए 35 प्रतिशत मत प्राप्त करना आवश्यक रहा। परंतु किसी भी यूनियन को 35 प्रतिशत मत प्राप्त नहीं हुए। जिस कारण सीक्रेट वैलेट इलेक्शन की मॉडलिटी के प्रावधानों के अनुसार सर्वाधिक प्रतिशत पाने वाली यूनियन को सेक्सन 5.5 के तहत मजदूर कांग्रेस को मान्यता प्राप्त हुई।

श्री बेहरा ने बताया कि इसी प्रकार सिक्रेट बैलट इलेक्शन मॉडलिटी के सेक्सन 5.10 के अनुसार सऊथ ईरट सेंटर रेलवे श्रमिक यूनियन एवं अखंड रेल कर्मचारी संघ को भी पात्रता प्राप्त हुई, जिसमें रेल प्रशासन द्वारा सीमित सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि सीक्रेट वैलेट इलेक्शन पूर्ण होने के उपरांत ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने रेलवे बोर्ड स्तर पर पुरजोर मांग की थी, कि जहां-जहां ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की ऐफिलिएटिड यूनियन मान्यता प्राप्त नहीं कर सकी वहां पर उन्हें यूनियन कार्यालय उपलब्ध कराए जाएं जिससे कि वह कर्मचारी से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं से रूबरू हो सके और संगठनात्मक कार्यकलाप कर सके। जिस पर रेलवे बोर्ड ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी रेलवे बोर्ड की प्रधान कार्यकारी निदेशक (औद्योगिक संबंध) श्रीमती रेनू शर्मा ने भारतीय रेलवे के सभी महाप्रबंधक को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे से ऐफिलिएटेड यूनियन को जोनल एवं मंडल स्तर पर कार्यालय उपलब्ध कराए जाए।

### पुलिस विभाग में प्रशासनिक सर्जरी तीन थाना प्रभारियों का तबादला

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में पुलिस विभाग ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए तीन थाना प्रभारियों के तबादले किए हैं। यह आदेश जिला पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायक द्वारा जारी किया गया है। आदेश के तहत तीन अनुभवी अधिकारियों को नए पदस्थानों पर जिम्मेदारी दी गई है, ताकि जिले में कानून व्यवस्था को और सशक्त किया जा सके।

आदेश के अनुसार निरीक्षक राजेश चंद्र मिश्रा, जो अब तक थाना नौरोजाबाद में पदस्थ थे, उन्हें अब थाना पाली का प्रभारी बनाया गया है। राजेश मिश्रा को अनुशासित कार्यप्रणाली और मजबूत नेतृत्व के लिए जाना जाता है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि पाली थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क बेहतर होगा, वहीं, कांस्टेबल से निरीक्षक पद पर पदोन्नत मदन लाल मरावी, जो पहले थाना पाली में पदस्थ थे, को अब जिला मुख्यालय स्थित थाना कोतवाली की कमान सौंपी गई है। मदन मरावी का अनुभव शहरी क्षेत्रों की कानून व्यवस्था संभालने में काफी प्रभावी माना जाता है। उप निरीक्षक बलराम शर्मा, जो कोतवाली में सेवा दे रहे थे, उन्हें अब नौरोजाबाद का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। तबादले के बाद संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने नवीन पदस्थानों पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नगर परिषद खांड में कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** शहडोल जिले की नगर परिषद खांड बाणसागर में चल रहे उपचुनाव के परिणाम 10 जून दिन गुरुवार को आ गये व कांग्रेस पार्टी के लिए यह दिन बढ़िया रहा जहां कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी शशिधर त्रिपाठी (बाबू उर्मलिया) ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की व नगर परिषद में कांग्रेस की एक सीट पर बढ़ोत्तरी हुई चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनावी प्रक्रिया तिथि से ही इस चुनाव को अपने पक्ष में करने को लेकर सक्रिय कांग्रेस ने मप्र कांग्रेस कमेटी भोपाल के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस शहडोल के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता व प्रदेश सचिव अजय अवस्थी के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार को इस सीट के लिए प्रत्याशी चयन का प्रभारी नियुक्त किया गया था इस सीट पर प्रभार मिलते ही सक्रिय हुए ब्लाक अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने बाणसागर के कांग्रेस जनों को एकजुट कर जिस प्रकार सर्वसम्मति से बाबू उर्मलिया की टिकट पर मुहर लगाई उसी दिन से एक एक कांग्रेस कार्यकर्ता आपसी मनमुटाव भूलकर भाजपा की दमनकारी नीति के विरुद्ध अडिग हो गया और इसी एकजुटता का प्रमाण है कि नगर परिषद खांड में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने कहा कि यह जीत जनता की सजगता और भाजपा के खोखले वादों के विरुद्ध है। इस चुनाव में हमारे बाणसागर के कांग्रेस जनों ने जिस प्रकार से एकजुटता दिखाई व काबिले तारीफ है।

# उमरिया मानपुर में बारिश से टूटा पुल, घुंसु गांव का संपर्क कटा

## स्थानीय निवासी बोले- स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के मानपुर क्षेत्र में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले में हो रही मूसलाधार बारिश से घुंसु पहुंच मार्ग का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल के किनारे के बह जाने से गांव का मुख्य संपर्क मार्ग टूट गया है।

स्थानीय निवासी चरण सिंह ने बताया कि स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए पुल पार करने में मदद की जरूरत पड़ती है। ग्रामीण फूल सिंह ने प्रशासन से पुल के तत्काल निर्माण की मांग की है। खेती के मौसम में किसानों को खाद और बीज की आवाजाही में परेशानी हो रही है। जनपद पंचायत मानपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेंद्र त्रिपाठी से इस मामले में संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हुए।





## बगैया-बंगवार पुल बहा, यातायात प्रभावित

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश ने क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बगैया से बंगवार पहुंच मार्ग पर बना प्रमुख पुल बारिश के उफान के चलते बह गया है, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया है। बाढ़ के पानी ने न केवल पुल को बहा दिया है, बल्कि वैकल्पिक मार्ग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और आम राहगीरों की जान पर बन आई है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश के चलते वैकल्पिक पुल पर भी दरारें आ गई हैं, जिससे लोगों को जोखिम उठाकर यात्रा करनी पड़ रही है। इस पुल के बहने से क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक प्रभावित स्कूली बच्चे हैं, जिन्हें रोजाना इसी क्षतिग्रस्त पुल का सहारा लेकर स्कूल जाना पड़ता है। बच्चों को पानी और कीचड़ से भरे रास्ते पर चलने में बहुत मुश्किलें हो रही हैं। कई बार तो उन्हें बाढ़ के पानी में से गुजरना पड़ता है। हमें उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा।

प्रशासन ने स्थिति का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कलेक्टर, स्वश्ष्टरु के अधिकारियों एवं अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने मार्ग को बंद करने के निर्देश दिए और कहा कि जल्द ही स्थायी समाधान के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि हम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। इस मार्ग का उपयोग करने से लोगों को रोका जाएगा और हम इस समस्या का समाधान प्राथमिकता से करेंगे।

# साइकिल पाकर विद्यार्थियों के खिल उठे चेहरे

## गुरुपूर्णिमा पर शासकीय स्कूलों में साइकिल का वितरण

**शहडोल, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार शहडोल जिले में स्कूली विद्यार्थियो को साइकिल वितरित की गई। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद कोल ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के विद्यार्थियो को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियो को अपने सपनो की उड़ान भरने के लिए अनेको सुविधाएं दी जा रही है। इसी श्रृखला में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियो को विद्यालय पहुंचने में किसी भी तरह की परेशानी न हो को दृष्टिगत रखते हुए साइकिलो का वितरण किया जा रहा है, इससे विद्यार्थियो को अपनी शिक्षा को सुगम बनाने का अवसर मिल रहा है।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह धुर्वे, नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण राजन गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकली पटेल, समाज सेवी रमेश गुप्ता,



शत्रुघ्न पटेल, रामानुज बैस, रामाधार जायसवाल, सज्जन सिंह परस्ते, रामावतार पटेल बीआरसीसी ब्यौहारी, मनोज केशरवानी उत्कृष्ट प्राचार्य, रितेश श्रीवास्तव बी ए सी,भानु पटेल, सुनील तिवारी, चंद्रभान गुप्ता, अशोक सिंह, राजाराम पटेल सहित विद्यालय के प्राचार्य और विद्यार्थी उपस्थित थे। इसी तरह गोहपारू ब्लॉक में भी गुरु पुर्णिमा के अवसर पर सी एम राइज गोहपारू के छात्रों को जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राम बाई सिंह एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुधीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों को साइकिल का वितरण किया गया।

# पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस बैढ़न में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया

**बैढ़न, सिंगरौली, देशबन्धु।** शासकीय राजनारायण सिंह स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैढ़न सिंगरौली में भारतीय ज्ञान परम्परा के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय परिवार सहित आमंत्रित कविगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम यू सिद्दकी सर सहित संकाय सदस्य एवं नोडल भारतीय ज्ञान परम्परा डॉ. सी. पी. वर्मा उपस्थित रहीं। सरस्वती वंदना स्वरचित मधुर गायन कर हिंदी विभाग कि छात्रा कु विभा तिवारी ने करुणामयी मां शारदा को समर्पित करते हुए किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ.



आरके झा ने गुरु की महिमा पर उद्बोधन और प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को स्पष्ट किया तथा यह बताया कि यह पर्व शिक्षा और गुरु की महत्ता को समझने का अवसर है। उन्होंने महाभारत कालीन गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। डॉ.एन पी प्रजापति ने मंच संचालन करते हुए गुरु की परिभाषा को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला बताया।

इस अवसर पर आमंत्रित कविगणों ने अपनी ओजपूर्ण और भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से गुरु की महिमा और सामाजिक सरोकारों को स्वर दिए। कवि सुरेश गिरी ने काम आये मेरा तन बतन के लिए... कविता से मानव सेवा का संदेश दिया। कवि शंकर प्रसाद शुक्ल ने मन तू छोड़ कपट जंजाल से... में आत्मशुद्धि की प्रेरणा दी। कवि प्रवीन्द्र चंचल ने कहा सम्मान का भागी वही है स्नेह तू जिसके पला है। कवि सुरेश गुप्त ने सद्गुरु हैं आपके सदा झुकाओ माथ... ।

# गुरु पूर्णिमा : साधु-संतों व गुरुओं का शॉल-श्रीफल से किया सम्मान

## जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा ने किया कार्यक्रम

**शहडोल, देशबन्धु।** श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष,सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने साधु संतों और गुरूओं का किया सम्मान गुरुवार को श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में शहडोल जिले के प्रत्येक मंडलों में श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर साधु संतों, धर्म गुरुओं शिक्षकों एवं विभिन्न क्षेत्र के गुरुओं का शाल श्रीफल भेंट कर व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साधु संतों गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाना था। श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य जनप्रतिनिधियों ने शहडोल के मोहन राम जानकी मंदिर, कल्याणपुर स्थित हनुमान मंदिर, पांडव नगर स्थित गर्ल्स कॉलेज,





सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं सिंचाई विभाग कॉलोनी स्थित संगीत टीचर मुनेंद्र मिश्रा के विद्यालय में गुरुजनों का सम्मान तिलक लगाकर एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, संतोष लोहानी, शीतल पोद्दार, भूपेंद्र मिश्रा, राकेश सोनी, विनय केवट, अमित मिश्रा, प्रियम त्रिपाठी, निभा गुप्ता, अमित गुप्ता बंटी ,सौरभ गोले, रवींद्र वर्मा,रक्कू कनौजिया, नागेंद्र गोले, अनुराग शुक्ला, आयुष पांडे, रिंकू बर्मन,अंकुर शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा।हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे हर साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक इस तिथि पर महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था। इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन गुरुजनों की उपासना और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का विधान है।

सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि दरअसल, हम सभी के जीवन में गुरु का विशेष स्थान होता है। इन्हीं के जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और लक्ष्यों को पूरा करने का मार्गदर्शन पाता है। इसके अलावा गुरुजनों की सहायता से समय की अहमियत और कठिन समय की पीड़ा समझ आती हैं। यही नहीं गुरु ही सदैव हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। विधायक मनीषा सिंह ने कहा की हिंदू धर्म में पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। पूर्णिमा हर माह में पड़ती है। आषाढ़ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है।